>

Title : Need to curb the fraudulent practices at petrol pumps across the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): देश में पैट्रोल पम्पों पर तेल की चोरी की जा रही है। पैट्रोल पम्पों पर घटतौली रोकने की तमाम कोशिशों के बाद भी धोखेबाज कारोबारियों ने तेल चोरी का नायाब तरीका खोज निकाला है। इस तरह की कई घटनाएं लगातार हो रही हैं। पम्पों पर काम करने वाले सेल्समैन जेब में रिमोट रखते हैं और रिमोट ऑन करने पर तेल की रफ्तार धीमी पड़ जाती है जबकि मीटर पूरी मात्रा दिखाता है। इस तरह हाईटेक तरीके के साथ तेल चोरी की घटना घट रही है, जिसके कारण आम जनता परेशान है।

अतएव सरकार से मांग है कि जनहित में यथाशीघ्र इस तरह की घटनाएं रोकी जायें।